## खबर संक्षेप

### अवतरण दिवस 2 को

**भिलाई।** विश्व जागृति मिशन दुर्ग-भिलाई मंडल द्वारा सुधांशु महाराज के अवतरण दिवस को श्रद्धा पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत दुर्ग में महावीर हनुमान मंदिर इंदिरा मार्केट और भिलाई में जगदंबा मंदिर हुडको में गुरुवार 2 मई को पर्व मनाया जाएगा। विश्व जागृति मिशन भिलाई मंडल के शिव देवांगन ने बताया कि गुरुवार को 10 बजे बुजुर्ग जनों का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया जाएगा। सत्संग और पूजा अर्चना का आयोजन भी किया गया है। दुर्ग मंडल के गणेशराम देशमुख के महावीर हनुमान मंदिर में 8 बजे से हवन पूजा एवं सत्संग का कार्यक्रम है। गुरुवर सुधांशु महाराज के कहे अनुसार बुजुर्गों का पैर पखार कर शाल एवं श्रीफल भेंटकर पूजा कर सम्मान किया जाएगा। उसके बाद आरती एवं प्रसादी वितरण भी किया जाएगा। मिशन के एचएस गुप्ता ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### राष्ट्रीय संयोजक योगेंद्र 2 को भिलाई में

**भिलाई।** भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव 2 मई को भिलाई प्रवास पर रहेंगे। इस अवसर पर संविधान संवाद-1 का आयोजन 2 मई गुरुवार को शाम 5 बजे से जैन भवन सेक्टर 6 में किया जा रहा है। जिसमें वे ''मतदाता का राजनीतिक बोध, दायित्व और भूमिका'' विषय पर अपने विचार रखेंगे साथ ही बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे।

### सरस सत्संग 3 को

**भिलाई।** रविवार 3 मई को सरस सत्संग कार्यक्रम का आयोजन शिव मंदिर 20बी भिलाई में शाम 5 बजे किया जा रहा है। विशेष अतिथि व वक्ता स्वामी तन्मयानन्द महाराज (अम्बिकापुर) होंगे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील सारदा रामकृष्ण संघ ने की।

### पुलिस पेट्रोलिंग वाहन पर हमला

**भिलाई।** पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन पर अपचारी बालको द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। तीन बालको को पुलिस ने हिरासत में लिया। घटना शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस वाहन मोहन नगर थाने की है। पेट्रोलिंग वाहन में हवलदार विश्वजीत टंडन, आरक्षक शकील खान सिकोला भाठा अंडर ब्रिज से निकल रहे थे। अंडरब्रिज के भीतर पेट्रोलिंग वाहन जैसे ही प्रवेश किया। अचानक से अंडरब्रिज से बाहर निकल रहे वाहन पर अंधा धुंध ईट से हमला किया गया। हमला में वाहन के सामने लगे कांच का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हमला से पेट्रोलिंग वाहन में सवार पुलिस कर्मी हड़बड़ा गए। सूचना मिलते ही दुर्ग सिटी कोतवाली, पद्मनाभपुर की पेट्रोलिंग, बाइक पेट्रोलिंग डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक अपचारी बालक फरार हो चुके थे। घटना के दूसरे दिन सूचना मिलते ही देर रात हमला करने वालों में तीन अपचारी बालको को पकड़ने पुलिस पहुची। पूछताछ करने के बाद बालको को समझाइश देकर छोड़ दिया गया। जिस पेट्रोलिंग वाहन में हमला हुआ उस क्रमांक सीजी 03 6412 है।

**आयोजन : श्रमिक दिवस पर विभिन्न स्थानों पर हुआ कार्यक्रम**

# श्रमिकों के साथ बासी खाकर किया श्रम का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा





ग्राम सिकोसा में मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिकों के साथ बोरे बासी खाकर श्रम का सम्मान किया गया। विदित हो कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में 1 मई को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाना शुरू किया था, ताकि मजदूरों के भोजन को सम्मान मिल सके। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं गुण्डरदेही के विधायक कुंवरसिंह निषाद के मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही अध्यक्ष भोजराज साहू के नेतृत्व में बोरे बासी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संजय बारले, ममता चंद्राकर, सरपंच योगेश चंद्राकर, युगांत चंद्राकर, तामेश्वर देशमुख, मोंटू चंद्राकर, अनिल कटहरे, तरुण साहू, मोजीराम साहू, रूपचंद जैन, अभिषेक यादव, निजानंद चंद्राकर, चिंताराम चंद्राकर, लवकेश यदु, मनीष सेन, जोशी राम कन्नौजे, हेमलाल मारकंडे, गोलू महाराज, चंद्रिका चंद्राकर, रोशन पटेल, लोमन सिंह निषाद, नयन निषाद, सुखित लहरे, चौनसिंह पटेल, हेमंत चंद्राकर, टोमन निर्मलकर, लोकेश सोनबोइर, पोषण सिन्हा, अगेश्वर धनकर सहित कांग्रेसजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रमिक उपस्थित थे।

■ ग्राम सिकोसा में आयोजित कार्यक्रम में गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह हुए शामिल

## पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने खाई बासी

**अंडा।** प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर सभी श्रमिक भाई-बहनों को बधाई दी है। श्री साहू ने श्रमिकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस लाखों मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का दिवस है। एक श्रमिक देश के निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता है और उसका देश के विकास में अहम योगदान होता है। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री साहू ने अपने निवास में अपने परिवार जनों के साथ बोरे बासी का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि बोरे-बासी हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति का अहम हिस्सा है। इसलिए मेरी आप सभी लोगों से अपील है कि बोरे बारी तिहार में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लीजिए। अपने परिवार जनों को प्रोत्साहित करिए कि वो बारे बासी का सेवन करें और अपने सेहत के साथ ही छत्तीसगढ़ की अमूल्य परंपरा को भी मजबूत बनाकर रखें।



## कांग्रेस भवन में कांग्रेसियों ने बोरे बासी खाकर मनाया

**डौंडीलोहारा।** एक मई श्रमिक दिवस के अवसर पर नगर के कांग्रेस भवन में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बोरे बासी खाकर श्रमिक दिवस मनाया। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रमिकों के सम्मान में छग के पारंपरिक भोजन बासी खाने की परंपरा श्रमिक दिवस के अवसर पर शुरू की थी। उसी परम्परा को बरकरार रखते हुए कांग्रेस जनों ने श्रमिक दिवस के अवसर पर बासी खाया।

वरिष्ठ कांग्रेसी हस्तीमल सांखला ने कहा कि गर्मी के दिनों में बोरे बासी शरीर के लिए अमृत का कार्य करता है। नून चटनी व प्याज के साथ खाने से लू लगने की संभावना कम हो जाती है। वरिष्ठ कांग्रेसी अनिल लोढा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की परंपरा को जीवंत किया था। उन्होंने छग के हर तीज त्योहारों का मान बढ़ाया था साथ ही श्रमिक दिवस पर बासी खाने की परंपरा शुरू कर श्रमिकों का मान बढ़ाया था।

ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल प्रजापति महामंत्री मेघनाथ साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया व गर्मी के दिनों में चाव से खाए जाने वाले बोरे बासी को आज कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सामुहिक रूप से इसका आनंद लिया व क्षेत्र के विभिन्न मजदूरों को भी सम्मान पूर्वक बुलाकर उन्हें भी बोरे बासी नून चटनी के साथ खिलाया गया। हस्तीमल सांखला, अनिल लोढा, गोपाल प्रजापति, मेघनाथ साहू ,नप अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू,सरोज पटेल गुलाब भन्साली, राजेन्द्र निषाद, लोकनाथ निषाद, पोषण जोशी, चन्द्रकुमार देशलहरे,शिव गायकवाड़, संदीप आदि मौजूद थे।



## कांग्रेस के नेताओं ने बासी खाकर सोशल मीडिया पर साझा की तस्वीरें

**बालोद।** बुधवार को श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों के सम्मान में लोगों ने बोरे बासी खाकर श्रमिक दिवस की शुभकामना देते हुए सोशल मीडिया में तस्वीरे शेयर की। कांग्रेस की सरकार जाने के बाद भी कांग्रेस सरकार में आरंभ बोरे बासी त्योहार को कांग्रेसजनों ने मनाया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मजदूर वर्ग बोरे बासी का सेवन हमेशा करते हैं, लेकिन गर्मी के दिनों में इसका उपयोग बढ़ जाता है और मजदूरों से लेकर हर वर्ग के लोग इसे काफी आनंद के साथ खाते हैं।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय बासी की लोकप्रियता प्रदेश और देश भर में बढ़ी। 1 मई को श्रमिक दिवस के अवसर पर मजदूरों के सम्मान में जगह जगह कार्यक्रम आयोजित कर जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर के हर एक नेता व जनप्रतिनिधि मजदूरों के साथ बैठकर बोरे बासी खाते नजर आए। हालांकि वर्तमान में प्रदेश में भाजपा की सरकार है, वहीं आचार संहिता के कारण कहीं पर भी श्रमिकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ। श्रमिकों के सम्मान में हर वर्ग के लोगों ने बोरे बासी खाया और फोटो शेयर किए।



### कांग्रेस नेताओं ने खाई बासी

बुधवार को मजदूरों के सम्मान में जिला कांग्रेस कमेटी चन्द्रप्रभा सुधाकर, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रत्तिराम कोसमा व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने भी बोरे बासी खाया। रत्तिराम कोसमा ने कहा कि जिले के कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भी बढ़–चढ़कर बोरे बासी खाने का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए लोग अपने आप को इससे दूरी बनाए हुए हैं। कारण स्पष्ट समझ में आता है कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा मजदूर विरोधी है, किसान विरोधी है, नौजवान विरोधी है, तभी आज भाजपा के लोग मजदूर दिवस के उपलक्ष में भी बोरे बासी खाने से अपने आप को दूर रखे हुए हैं।



## विधायक संगीता ने मजदूरों के साथ बैठकर खाई बासी

**गुरूर।** श्रमिक दिवस पर विधायक संगीता सिन्हा ने मजदूरों व कांग्रेसजनों के साथ बोरे बासी खाया। संगीता सिन्हा ग्रामों में चल रहे कार्य स्थल पर जाकर श्रमिकों के साथ बैठकर बोरे बासी खाया। उनके साथ ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू, जनपद उपाध्यक्ष तोषण लाल साहू, डॉ ओंकार महमल्ला, सुमित राजपूत व अन्य कांग्रेसजन भी सम्मिलित हुए।

संगीता सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति परंपरा एवं उनके सम्मान की रक्षा कर रही है। कांग्रेस ने ही प्रदेश की परंपरा को देश के साथ विश्व में सम्मानजनक स्थान दिलाया है, भूपेश बघेल की सरकार के दौरान विश्व का ध्यान बोरे बासी की ओर आकृष्ट कराने में कांग्रेस सरकार सफल रही थी। उसके बाद ही बोरे बासी के पौष्टिकता को लेकर, उसके महत्व को लेकर देश विदेश में चर्चा आरंभ हुई, और आम जन बोरे बासी का सेवन कर गर्व का अनुभव करने लगे। इससे प्रभावित होकर बोरे बासी के पौष्टिक गुणों को लेकर अनुसंधान होने के मार्ग खुले। इस दिशा में पहल हुई है।



### दिखावा करती है भाजपा : चंद्रप्रभा

**बालोद।** बुधवार को श्रमिक दिवस के मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर भी श्रमिको के सम्मान में बोरे बासी खाते नजर आईं। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्रमिकों के सम्मान में आज जिले के अलग अलग क्षेत्रों में ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस के साथियों ने श्रमिकों के साथ बैठकर बोरे बासी खाया है। चन्द्रप्रभा सुधाकर ने भाजपा पर दिखावा की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वो लोग दिखावा करते हैं। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पांच साल में सहेजने का काम किया था, जिसमें राम वन गमन पथ, बोरे बासी, हरेली तिहार को सहेजने का प्रयास किया था, जिसे भाजपाई नहीं समझ सकते। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार मजदूरों और गरीबों की सरकार नहीं है, जो उनको सम्मान देना नहीं चाहती, जबकि हमारे नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हर वर्ग को सम्मान देने की कोशिश की।



## देवेंद्र ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी सरोज के पक्ष में मांगा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश पर अंचल के भाजपा पदाधिकारियों ने कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय के पक्ष में प्रचार किया।

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल, नगरी (सिहावा) के जनपद उपाध्यक्ष विकल गुप्ता, मछुआरा प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक शिवधरम गुड़े, डौण्डी लोहारा के पूर्व जनपद सदस्य ठाकुरराम शार्वा, कुलेश साहू ने पटना मंडल के ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान डुमरिया बुथ अध्यक्ष धनेश्वर रजवाड़े, टापेश्वर रजवाड़े, ईतवारी रजवाड़े सहित कई स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। उसके बाद पटना में गिरधारी लाल जायसवाल से मुलाकात करने के साथ ही जनपद सदस्य रमाशंकर साहू, शक्ति केन्द्र संयोजक संतलाल साहू, गौरगुड़ा बुथ अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, औरा पारा बुथ अध्यक्ष श्याम साहू, तेन्दुआ के अध्यक्ष हीरा लाल रजवाड़े के साथ बैठक कर पार्टी प्रत्याशी सरोज पाण्डेय की जीत सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति तैयार की गई। पटना के मंडल अध्यक्ष कपिल जायसवाल, महामंत्री श्री राम रजवाड़े का आभार व्यक्त किया गया।



## स्काउट-गाइड दूधली ने राहगीरों को पिलाया पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दूधली के स्काउट एवं गाइड, रोवर, रेंजर ने सार्वजनिक प्याऊ से राहगीरों को सेवा कार्य के तहत भीषण गर्मी में पानी पिलाने का कार्य किया।

प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव ने स्काउट गाइड के उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में स्काउट गाइड का यह सेवा कार्य बहुत ही सराहनीय है। स्काउट प्रभारी मिलन सिन्हा के निर्देशन में सेवा के बहुत कार्य किए हैं। कुकुर देउर मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान, टीकाकरण अभियान में रैली निकालकर जन जागरूकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये स्काउट राज्य पुरस्कार जांच शिविर में भी झांकी अभनपुर में भागीदारी करेंगे। स्काउट में राजवीर भट्ट, चंदन कुमार, भूपेश, बालकृष्ण तथा गाइड से यासिका, भूमिका, हर्षिता, रेंजर लीडर रेखा ठाकुर गाईड कैप्टन वर्षा रानी देवांगन, रोवर लीडर आरएन राणा तथा सभी स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

**ग्राम बोरई में श्रीमद्भागवत कथा में संत निरंजन महाराज ने कहा-**

# आत्मा की पवित्रता ही परमात्मा से साक्षात्कार करवाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम बोरई में श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन संत निरंजन महाराज ने कहा कि आत्मा की पवित्रता ही परमात्मा से साक्षात्कार करवाता है। उन्होंने कहा कि हमारे मन में प्रेम है, घट में प्रेम है, अपने अंदर की पवित्रता है, तो हमारे घर में जीवन में वृन्दावन है, जहां प्रभु हमेशा रहते हैं।

मन वचन कर्म से भगवान का वरण कर लो, जैसे व्यवहार जगत में कन्या, पति का वरण करती है वैसे ही जीव के लिए जगतपति हैं ईश्वर, जिन्हें पाने के लिए वरण करने के लिए रुक्मिणी की तरह चातक प्रेम होना चाहिए। दास का भाव रखते हुए भगवत शरन होकर जीवन का यश, पुण्य, परमार्थ जो कुछ भी है परमात्मा के शरण अर्पित कर दो। ग्राम बोरई के पावन धरा में दीपक यादव परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित भागवत कथा यज्ञ सप्ताह के अंतिम दिवस भगवताचार्य स्वामी निरंजन महराज लिमतरा आश्रम ने कहा कि निष्काम प्रेम का भाव हमें गोकुल के गलियों से सीखनी चाहिए, जहां ब्रजवासी कृष्ण की अनुपस्थिति में भी चौबिसों घंटा कृष्ण का साथ होने का अनुभूति करते हैं। कृष्ण रुक्मिणी विवाह के सजीव चित्रण से उत्साह से भरे भागवत भक्तों ने वैसे ही कन्या दान का रस्म किया, जैसे सच में रुक्मिणी उसकी ही पुत्री हों। कन्या दान का महत्व बताते हुए कथा प्रवक्ता स्वामी निरंजन जी महराज ने उपस्थित श्रोताओं से आग्रह किया कि जीवन में कन्या दान का सौभाग्य मिले, तो इसका लाभ अवश्य उठाना चाहिए, चाहे बेटी किसी का भी हो। यह व्यवहार जगत का श्रेष्ठ दान होता है। हर किसी को यथा संभव सहयोग अवशय करना चाहिए।





**मोक्षदायिनी है श्रीमद् भागवत कथा:** संत निरंजन महाराज ने कहा कि भागवत कथा मोक्षदायिनी है,यान कथा श्रवण से हमें काम,क्रोध,लोभ,मोह,मत्सल से मुक्ति मिलती है,जिससे जीवन सहज सरल हो जाता है। नवधा भक्ति में भी श्रवण की भक्ति को सहज,सरल और श्रेष्ठ बताया गया है।यादव परिवार ने आयोजन में पहुंचे सभी भक्तजनों एवं सहयोगियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

### कृष्ण-सुदामा की तरह हो मित्रता

सुदामा चरित्र पर संत निरंजन महाराज ने कहा कि सुदामा यानि 'स्व दामा यस्य सः सुदामा 'अर्थात जो अपनी इंद्रियों का दमन कर ले वही सुदामा है। मित्रता सुदामा और कृष्ण जैसे होनी चाहिए, जहां न अभाव का भाव हो और न ही प्रभाव का भाव हो। निस्वार्थ रिश्ते का नाम सुदामा और सच्ची मित्रता का नाम कृष्ण है। दत्तात्रेय महराज जी के 24 गुरु का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने कहा कि ये चौबीस गुरु और कोई नहीं थे,बल्कि प्रकृति अंश में पशु,पक्षी,नदी,पहाड़ वृक्ष ही थे, जिनसे सीख लेकर हम भी अपना जीवन सरल सुगम कर सकते हैं। हमें सीखने का भाव ताउम्र रखनी चाहिए, प्रकृति अलग-अलग माध्यमों से हमें संदेश देती रहती है, जिससे हमें प्रेरणा लेते रहना चाहिए। जब तक हममें, प्रकृति से हमें मिली सौगातों के प्रति धन्यवाद का भाव नहीं आयेगा हम कभी खुश नहीं हो सकेंगे।

